## खबर संक्षेप

### आज विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि चौरई संभाग के अंतर्गत 13 मई 2024 को माचागोरा डेम फीडर से जुडे क्षेत्रों में प्रातः 7 बजे से दोपहर 01 बजे तक सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि चौरई संभाग के अंतर्गत आज 13 मई 2024 दिन सोमवार को 33 के.व्ही. माचागोरा डेम फीडर में प्रातः 7 बजे से दोपहर 01 बजे तक मेंटनेंस व रखरखाव का कार्य किया जाना है, जिससे 33 के.व्ही. माचागोरा डेम फीडर के अंतर्गत आने वाले उच्चदाब कनेक्शन की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस मेन्टेनेंस कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है । बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं।

### उमरानाला के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि पूर्व संभाग छिंदवाड़ा के अंतर्गत प्री-मानसून मेन्टेनेन्स कार्य के कारण उपसंभाग/वितरण केन्द्र के 33/11 के.व्ही. फीडरों से 13 मई 2024 को प्रातः 07 से दोपहर 12 बजे तक विद्युत प्रदाय बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण उपसंभाग छिन्दवाडा के अंतर्गत 13 मई 2024 को रोहनाकलां वितरण केन्द्र के रोहनाकलां घरेलू, चारगांव घरेलू, सोनाखार वितरण केन्द्र के कबाड़िया एवं उमरानाला उपसंभाग के मोहखेड़ वितरण केन्द्र के सारोठ मिक्स फीडर, लिंगा वितरण केन्द्र के पालामउ घरेलू फीडर के सभी क्षेत्रों में मेंटेनेंस कार्य के कारण विद्युत प्रदाय बाधित रहेगी । इस प्री-मेंन्टेनेंस कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है। बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं।

### आने वाले समय में यह राशि और बढ़ सकती है

# शिक्षा विभाग के तोसिफ संदेह के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जबलपुर वित्तीय विभाग की टीम की जांच से हड़कंप मच गया है। वित्तीय विभाग की टीम ने जुन्नारदेव विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दबिश दी। जहां पर वित्तीय लेनदेनों की जांच की जा रही है। सूत्रों की माने तो जुन्नारदेव बीईओ कार्यालय में 50 लाख रूपये से अधिक राशि की वित्तीय अनियमितता हुई है।

अपुष्ट सूत्रों से पता चला है कि शिक्षक तौसीफ खान पालाचौरई संकुल केंद्र द्वारा प्रस्तुत बिलों में कर्मचारी का नाम सही लिखते थे ।लेकिन बैंक खाता नंबर दर्ज करने में किसी और का खाता नंबर दर्ज कर भारी भ्रष्टाचार किया गया ऐसी विभागीय जन चर्चा है। इनके अलावा कुछ अन्य कर्मचारियों और बाबूओं के रिश्तेदारों के खातों में भी लाखों रूपये की राशि पहुंची है। जिसकी जांच की जा रही है।




क्षेत्र में चर्चा का विषय है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में वित्तीय लेनदेन की जांच को कुछ सफेदपोश नेता और अधिकारी दबाने में लगे हुए हैं। वित्तीय अनियमितता का बड़ा खेल जांच टीम के हाथ लगने की संभावना है। यहां पर मृत कर्मचारियों के खातों की राशि कुछ बाबूओं ने अपने रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कर दी जबकि इस मामले में तत्कालीन बीईओ भी जांच के दायरे में आए हैं। सूत्रों की माने तो जांच टीम को चार खातों में लगभग 50 लाख रुपए से अधिक राशि की अनियमितता मिली है। आने वाले समय में यह राशि और बढ़ सकती है। इस आदिवासी विकासखंड के शिक्षा विभाग के द्वारा अनेकों योजनाएं भी शान द्वारा चलाई जा रही है शासन प्रशासन अन्य योजनाओं की भी जांच करें तो अनेकों अनियमिताएं का उजागर होना संभव है जैसे अतिथि शिक्षक भर्ती के घोटाले कि जांच की जाए तो निश्चित ही उसमें विसंगतियां उजागर होगी।

#### इनका कहना है

जांच टीम आई हुई है बारिकी से जांच की जा रही है। हमें जो फाइल निकालने के लिए आदेशित किया जा रहा है। वह उपलब्ध कराई जा रही है। जांच पूर्ण होने पर उच्च अधिकारी प्रेस वार्ता करेंगे।

**विकासखंड शिक्षा अधिकारी जुन्नारदेव**

### राशन दुकानों में अनाज का कृत्रिम संकट

# जिले के वेयर हाउस में चल रहा बड़ा गड़बड़झाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

नागरिक आपूर्ति निगम छिंदवाड़ा के वेयर हाउस से जिले की आपूर्ति व्यवस्था में खासा व्यवधान उत्पन्न हुआ है। माह अप्रैल का खाद्यान्न मई का पहला पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी कई दुकानों पर पहुंचा नहीं है वहीं खाद्य विभाग द्वारा केवल १० मई तक अप्रैल के राशन वितरण की डेडलाइन तय कर दी गई है, ऐसे में गरीब जनता के सामने अन्न की खासी समस्या उत्पन्न हो गई है।

वहीं शासकीय वेयर हाउस के प्रभारी द्वारा दुकानों पर खाद्यान्न परिवहन की ट्रक चिट ऑनलाइन जारी कर दी गई है। जिससे संशय और भी बढ़ गया है कहीं नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा भविष्य में वितरण में उत्पन्न होने वाली बाधा से अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश तो नहीं करी गई? पहले तो केंद्र पर चांवल की आवक को संतुलित नहीं कर पाने की लापरवाही के कारण खाद्यान्न का परिवहन बाधित रहा, फिर जब परिवहन शुरू हुआ तो अन्नदूत में लगे वाहनों से प्रदाय केंद्र के समीप की राशन दुकानों पर माल पहुंचा दिया गया एक फर्जी टाइप की लिस्ट जारी कर इस षडयंत्र को अंजाम दिया गया वहीं अन्नदूत वाहनों में पास पास की राशन दुकानों पर माल पहुंचवाकर उनका बिल अच्छा बन सके ऐसे कारगुजारी करी गई तत्पश्चात ५० किलोमीटर एवं अधिक की दुकानों को राशन के लिए टालमटोल कर भटकाया जा रहा है। जिससे राशन दुकानों में खाद्यान्न का संकट उत्पन्न हो गया है इन्हीं अन्नदूत और केंद्र प्रभारियों की लापरवाही से जिले के कई हितग्राहियों की मार्च माह की शक्कर लेप्स हो गई जिसकी जिम्मेदारी उठाने से अब यह कतराते नजर आ रहे हैं।

#### यह है नियम

अन्नदूत परिवहनकर्ता अगर नियमित रूप से खाद्यान्न का उठाव ना करे तो उसपर १००० रुपए प्रतिदिन का अर्थदंड अधिरोपित करने की कार्यवाही प्राथमिक रूप से करने के नियम हैं यह प्राथमिक कार्यवाही ना किए जाने से राशन परिवहन में मनमानी चल रही है। आज तक एक भी कार्यवाही नहीं हुई है।

## जुन्नारदेव व परासिया में सेल्फी विथ मटका अभियान का हुआ शुभारंभ



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह और सीईओ जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में सीईओ जनपद पंचायत जुन्नारदेव एवं प्रभारी सीईओ जनपद पंचायत परासिया सुश्री रश्मि चौहान के निर्देशानुसार आज जनपद पंचायत जुन्नारदेव व परासिया में ₹सेल्फी विथ मटका₹ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत सभी पंचायतों के सार्वजनिक स्थानों में लोगों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की गई व जानवरों के लिए पानी की टंकी, पक्षियों के लिए सकोरे लगाए गए। इस दौरान ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक के साथ ही समूह की महिलाओं व सरपंचों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान किया ।

# पर्यटन विभाग के एमडी को भाया पर्यटन ग्राम सावरवानी, बच्चों को दिए उपहार

### पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए दिए सुझाव, पांच होम स्टे पर्यटकों के लिए खुले

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



पर्यटन विभाग के एमडी श्री टी.इलैयाराजा को छिंदवाड़ा का पर्यटन ग्राम सावरवानी खूब भाया और उन्होंने यहाँ पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा बनाए गए होम स्टे के निरीक्षण के लिए सावरवानी पहुंचे एमडी श्री इलैयाराजा का स्वागत परंपरागत तरीके से शंख व ढोलक बजाकर किया गया। इससे वे काफी प्रसन्न दिखे, उन्हें जानकारी दी गई कि सावरवानी आने वाले सारे पर्यटकों का स्वागत इसी तरह किया जाता है। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा जिले के पर्यटन ग्राम सावरवानी में पर्यटन विभाग के एमडी टी.इलैयाराजा टूरिज्म बोर्ड के अन्य अधिकारियों के साथ शनिवार को निरीक्षण पर पहुंचे थे। सावरवानी ग्राम को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से विलेज वेज संस्था के साथ मिलकर विकसित किया है और यहाँ पांच होम स्टे पर्यटकों के लिए खुले हैं और पांच का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पर्यटन विभाग के एमडी टी. इलैयाराजा को पर्यटन ग्राम सावरवानी और होम स्टे काफी पसंद आए। उन्होंने तत्काल निर्देश दिए कि पचमढ़ी में पर्यटन विभाग के जितने भी होटल और रिसोर्ट हैं, उन सभी के परिसर व रिसेप्शन पर सावरवानी के होमस्टे के होर्डिंग-होम स्टे की जानकारी देने वाले बोर्ड लगाए जाएं, ताकि अधिक से अधिक पर्यटकों को सावरवानी के बारे में जानकारी मिल सके। श्री इलैयाराजा ने होम स्टे संचालकों से सारी जानकारी ली और यहाँ की विजिटर बुक में आए फीडबैक को पढ़ा। उन्होंने पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए कुछ गतिविधियां करवाने के सुझाव दिए और पर्यटकों को आस-पास जिन स्थानों पर घुमाया जाता है, इसकी जानकारी ली। देर शाम सावरवानी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक व भजन संध्या में शामिल हुए पर्यटन विभाग के एमडी काफी खुश दिखे और बच्चों को उपहार बांटे। इस अवसर पर उनके साथ मध्यप्रदेश टूरिज्म रूलर की प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव प्रियंका सिन्हा सहित अन्य अधिकारी साथ में थे।

## पेंशनरों की लंबित मांगों के लिये संयुक्त मोर्चा गठन करने पर सहमति बनी

**छिन्दवाड़ा** :- वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली ने बताया कि दिनांक 12 ई दिन रविवार को संगठन की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता एस.एल.परतेती सेवानिवृत्त एस.डी.ओ.इरीगेशन द्वारा की गयी।



बैठक में विशिष्ट अतिथि टी.सी.तुरकर अध्यक्ष अभियंता संघ के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। इसमें पेंशनर्स साथियों के 27 माह एवं 32 माह के एरियर के भुगतान के संबंध में विशेष चर्चा के तहत शासन को पत्र प्रेषित किया जायेगा एवं एक आंदोलन की महत्ती आवश्यकता होगी तथा जो साथी 30 जून एवं 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हुये है उनकी आगामी माह की वेतनवृद्धि मिलने संबंधी विस्तृत चर्चा हुई। एवं पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिकों की लंबित मांगों को लेकर प्रांतीय संगठन को एवं शासन को ज्ञापन प्रेषित करने हेतु आचार संहिता समाप्ति के बाद संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में धरना ,ज्ञापन सौंपा जायेगा। बैठक की समाप्ति उपरांत एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्व.जी.बी.नवघरे की तीसरी पुण्यतिथि पर एवं शहर छिन्दवाड़ा के बहादुर सपूत विक्की पहाडे को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। आज की बैठक में शिवनंदन खुदरेजिया, के.एस.सेंगर ,वहीद अंसारी ,एम.टी.हरले ,बी.एन.विश्वकर्मा ,शरद नामदेव ,वकील अहमद खान ,बी.एल.सदाफल ,सोमेश्वर बोरकर ,मो.इसराइल , आर.के.साखरे ,पंथू बोबडे ,एम.आर.शिवारे ,नत्थूलाल चांदेकर ,अब्बास खान,नारायण सूर्यवंशी ,एस.एन.राय ,राजेन्द्र सिंह परिहार ,एस.एल.पवार ,एस.ए.अली ,लक्ष्मण धारे ,पंजाबराव दौड़के ,जे.पी. चंद आदि पेंशनर्स भारी संख्या में उपस्थित थे।

## ग्रामीणों से भेंट कर प्रगति का किया निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में गत दिवस उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत विकासखंड छिंदवाड़ा में चारा विकास एवं विकासखंड अमरवाड़ा में बकरीपालन के ग्रामीणों से भेंट कर प्रगति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी राष्ट्रीय पशुधन मिशन डॉ.छत्रपाल टांडेकर भी साथ में थे। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.पक्षवार ने बताया कि ग्रामीण श्री पार्थ काबरा द्वारा जमुनिया में स्थापित पशु चारा साइलेज निर्माण इकाई के निरीक्षण में 50 टन साइलेज बैग निर्माण होना पाया गया। वर्तमान में 9 रूपए प्रति किलो के भाव से विक्रय के लिये उपलब्ध है। इसके बाद विकासखंड अमरवाड़ा के ग्राम खकरा चौरई में पहुंचकर बकरीपालन के ग्रामीण श्री विजय चंद्रवंशी के बकरीपालन की प्रगति का अवलोकन कर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।

# नेशनल लोक अदालत में 2 करोड़ से अधिक के अवार्ड पारित

### सुलह एवं सहमति से नेशनल लोक अदालत में 704 प्रकरण निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई, तामिया में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में किया गया।

जिला न्यायालय छिन्दवाड़ा में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री शर्मा द्वारा गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री सुशील कुमार, विशेष न्यायाधीश श्री मोहित दीवान, जिला न्यायाधीश श्रीमती तृप्ति पाण्डेय, श्री संकर्षण प्रसाद पाण्डेय, श्री अभिषेक नागराज, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्री शिवमोहर सिंह, जिला रजिस्ट्रार श्री मेहताब सिंह बघेल, श्री राहुल जैन, श्रीमती नेहा मौर्य सोलंकी, श्री गोपाल जाटव, सुश्री अवनि व्यास, सुश्री संयोगिता खत्री, सुश्री अक्षिता शुक्ला, सुश्री प्रीति राठौर न्यायाधीशगण सहित अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ छिंदवाड़ा श्री सतेन्द्र वर्मा, उप संचालक अभियोजन श्री गोपाल हलदार, जिला अभियोजन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री समीर पाठक, लोक अभियोजक श्री अजय पालीवाल, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री विजय कुमार खोब्रागडे, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण व पैरालीगल वॉलेंटियर्स उपस्थित थे।

जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रेमपालसिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुये बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित दाण्डिक, सिविल, मोटर दुर्घटना, कुटुम्ब न्यायालय, चैक बाउंस, लंबित विद्युत के प्रकरणों के साथ ही बैंक, दूरसंचार, विद्युत एवं नगर पालिका के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को रखा गया था। जिनके निराकरण के लिये संपूर्ण जिले में 36 खण्डपीठों का गठन किया गया था। प्रत्येक खण्डपीठ में पीठासीन अधिकारी के अतिरिक्त 01 सुलहकर्ता सदस्य की नियुक्ति भी गई थी। नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना के 39 प्रकरणों मे 8351000 रूपये एवं चेक बाउन्स के 102 प्रकरणों में 15976966 रूपये के अवार्ड पारित किये गये तथा राजीनामा योग्य दांडिक 187 प्रकरण, पारिवारिक विवाद के 88 प्रकरण, अन्य सिविल प्रकृति के 44 प्रकरण सहित न्यायालयों में लंबित कुल 523 प्रकरणों में दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर राजीनामा किया।

# 54 प्रतिभाओं ने दिया ऑडिशन, 15 मई को पुनः होंगे ऑडिशन

### अभिनय एवं राइटिंग कार्यशाला का बहुप्रतीक्षित ऑडीशन हुआ सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

किरदार संस्थान छिंदवाड़ा द्वारा जिले की अभिनय एवं लेखन से जुड़ी प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऑडीशन का आयोजन किया गया। ऑडीशन का प्रारम्भ निर्णायकों के स्वागत से किया गया। कार्यशाला के लिए संस्थान में 54 पंजीयन हुए जिससे ऑडीशन शाम तक सम्पन्न हो पाए। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पवन नेमा द्वारा बताया गया कि शाम तक कुल 54 प्रतिभाओ ने अपने अभिनय का परिचय ऑडीशन के दौरान दिया। ऑडीशन के निर्णायक के रूप में डॉ.दिलीप खरे, डॉ पवन नेमा, ऋषभ स्थापक , विशाल शुक्ला, शशांक दुबे एवं आयुष शुक्ला रहे। ऑडीशन के संयोजन में विप्र वर्मा एवं गर्व घोंघे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ऑडीशन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक अभ्यर्थी शामिल हुए जो विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। युवाओ का उत्साह शाम तक भी अपने उछाल पर था। इसके उपरांत संस्थान द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को कार्यशाला में थियेटर बेसिक्स, कंटेंट राइटिंग, फेस एक्सप्रेशन, वॉयस मॉड्यूलेशन, डॉयलॉग डिलेवरी, बॉडी मूवमेंट, शार्ट फिल्म मेकिंग इंट्रोडक्शन, डॉयलॉग डिलेवरी एवं पब्लिक परफॉर्मेंस के गुर सिखाए जाएंगे। देर शाम होने एवं अन्य अभ्यर्थियों को मौका देने के लिए किरदार संस्थान द्वारा 2 दिन बाद 15 मई दिन बुधवार को भी स्थानीय डा दिलीप खरे पंचकर्म सेंटर बड़वन में ऑडिशन का आयोजन प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक किए जायेगें।

## प्री-मानसून मेंटेनेंस के कारण आज विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि परासिया संभाग के अंतर्गत 2 से 15 मई 2024 तक 33 के.व्ही. फीडरों का प्री-मानसून मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण इन फीडरों से संबंधित सभी क्षेत्रों में 15 मई तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि आज 13 मई 2024 को बड़कुही (चंदनगांव) फीडर से जुडे सभी उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। इस प्री-मेन्टेनेंस कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है । बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं।

### जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेले का डीईओ व डीपीसी ने किया निरीक्षण

# स्टेशनरी एवं यूनिफॉर्म विक्रेता दे रहे 5 से 50 प्रतिशत तक की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा





शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला 2024 के व्दितीय दिवस में स्टेशनरी एवं यूनिफॉर्म के विक्रेताओं द्वारा 5 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल एवं डीपीसी श्री जे.के.इड़पाची द्वारा प्रत्येक काउंटर का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही सभी कक्षों में दो प्राचार्य एवं 1 बीएसी, 2 जनशिक्षकों की टीम लगाई गई है जो कि सतत निगरानी बनाये हुये है एवं कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है जिसमें अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उसमें कोई भी पालक, दुकानदार क्रय-विक्रय संबंधी समस्या की शिकायत कर समाधान प्राप्त कर सकता है। पालकों से आह्वान किया गया है कि पुस्तक एवं गणवेश मेले में आकर शिक्षण सामग्री में विशेष छूट का लाभ लें। मेले में आज पालकों, बच्चों एवं अभिभावकों की संख्या लगभग 2200 रही। मेले में सहायक संचालक श्री पी.एल.मेश्राम व श्री डी.पी.डेहरिया, एमएलबी के प्राचार्य श्री भारत सोनी, बीईओ छिन्दवाड़ा श्री अशरफ अली तथा पुस्तक एवं गणवेश मेला प्रभारी श्री दिनेश वर्मा व बीआरसी छिन्दवाड़ा श्री अजय केकतपुरे, बीएसी श्री गजेन्द्र ठाकुर, स्काउट गाइड प्रभारी श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा उपस्थित थे।

जनता कर रही है पिल्लर वाला ब्रिज बनाने की मांग

# बेलगांव तक नहीं बढ़ रहा ब्रिज, हो रही है दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौसर



सौसर नगर में नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर बने हुए औवर ब्रिज को आगे बढ़ाने की मांग लंबे समय से सौसर की जनता के द्वारा की जा रही है।परंतु सालों से की जा रही इस मांग को प्रशासन जनप्रतिनिधियोंके द्वारा अनसुना किया जा रहा है।नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर बना हुआ यहऔवर ब्रिज तहसील कार्यालय के सामने से शुरू होकर रामाकोना मार्ग पर ओम साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के पास में समाप्त होता है। तहसील कार्यालय के सामने समाप्त होने वाले इस औवर ब्रिज के कारण नागपुर, सावनेर, पांढुरना मोहगाव इस मार्ग से आवागमन करने वाले यात्रीयो, वाहनों दो पहिया चालकों अन्य विभागों में जाने वाले अधिकारी कर्मचारियों को आए दिन जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है। इस ओवर ब्रिज को ग्राम बेलगाव तक बढ़ाने की माग की जा रही है। वहीं दूसरी पिलर वाला औवर ब्रिज नहीं होने के चलते इस ब्रिज ने सौसर नगर को भागो में बाट दिया है। तहसील कार्यालय के सामने ब्रिज समाप्त होने के चलते छिंदवाड़ा की ओर से आने वाले यात्री बसों को छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा स्थल के पास जाकर पलटकर वापसी सौसर बस स्टैंड की ओर आना पड़ता है।जिसके चलते यहां पर आवागमन करने वाले लोगों को दुर्घटना का डर बना रहता है।तहसील कार्यालय के सामने समाप्त हो रहे पुलिया को पार करने में छात्र-छात्राएं विभागीय कर्मचारी महिलाओं को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है। वही नागपुर छिंदवाड़ा पांढुर्णा की ओर जाने वाले यात्री बसों को भी हर दिन घूमकर आवागमन करना पड़ रहा है।स्कूली छात्र-छात्राओं एवं नगर वासियों के द्वारा ओवर ब्रिज को पिलर वाला पुलिया का निर्माण करते हुए इसे बेलगांव तक बढ़ाने की मांग की जा रही है।

## सेवानिवृत्ति के बाद दी उर्दू डिप्लोमा की परीक्षा



**जुन्नारदेव :** पढ़ाई की कोई उम्र नहीं होती यह साबित कर दिया भारतीय डाक विभाग से सेवानिवृत फिरदौस अंसारी शेख मुस्तकीम अंसारी छिंदवाड़ा निवासी ने। जनाब फिरदौस अंसारी ने कहां कि हमारे अंदर पक्का इरादा हो तो हम कुछ भी हासिल कर सकते हैं । उम्र चाहे कुछ भी अगर मन में चाहत हो तो पढ़ाई में अच्छा मुकाम हासिल किया जा सकता हैं। श्री अंसारी ने अपनी बीवी और नाती के साथ मिनिस्ट्री ऑफ़ एजूकेशन डिपार्टमेंट हायर एजुकेशन गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित एक वर्षीय उर्दू डिप्लोमा कोर्स की वार्षिक परीक्षा दिया।यह परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद के अध्ययन केंद्र मदरसा मोहम्मदिया जुन्नारदेव में संपन्न हुई ।जिसमें 49 विद्यार्थियों ने फार्म भरे थे। इन्होंने आज जिले का एकमात्र अध्ययन केंद्र मदरसा मोहम्मदिया जुन्नारदेव में परीक्षा दी । इस परीक्षा में छिंदवाड़ा परासिया चांदामेटा जुन्नारदेव डूंगरिया दमुआ के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कोर्स में प्रवेश के लिए जाति उम्र का कोई बंधन नहीं रहता । हर कोई परीक्षा दे सकता है। इसमें हिंदी माध्यम से उर्दू पढ़ना लिखना सिखाया जाता है। उर्दू भाषा बोलचाल का अच्छा असरदार माध्यम है । जिसकी शायरी ,गध ,साहित्य दूसरी विधाओ में अपनी अलग पहचान रखती है ।

# हम सब प्रकृति के हम अद्वितीय अंग है: गगन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

आप सभी समाज सेवा में केवल डिग्री ही नही ले रहे अपितु इस समाज के सच्चे और इंसान बनने की सीख भी ले रहे है। आप अपने जीवन में अच्छे इंसान बने ये पैमाना डिग्री लेने कही ज्यादा महत्वपूर्ण है। उक्त बाते जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम से बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू कर रहे स्टूडेंटों को आई पी एस कॉलेज छिंदवाड़ा में भारतीय रेडक्रास सोसायटी के प्रांतीय चेयरमेन डाक्टर गगन कोहले जी ने कही ।बौद्धिक कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू क्लास के परामर्शदाता राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षा विद विनोद तिवारी,मेंटर्स श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।डाक्टर कोहले जी ने पर्यावरण संरक्षण के विषय में अपना मार्गदर्शन देते हुए कहा की हम सब प्रकृति के अद्वितीय अंग है।उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा की प्रकृति को मनुष्य ने जितना नुकसान पहुंचाया है उसका खमियाजा हम भुगत रहे है अल्प वर्ष, तेज गर्मी ,ठंड का पता है नही ये सब गड़बड़ाने के पीछे मनुष्य ने अपने निजी स्वार्थों के चलते अंधाधुंध पेड़ो की कटाई,गांव गांव में ऊंची ऊंची सीमेंट की इमरते जिसे कंक्रीट के जंगल भी कहा सकते है उसी का परिणाम है।ज्यादा फसल के चक्कर में रासायनिक उर्वरता का उपयोग धरती को बंजर करने कदम है इससे बचना चाहिए उन्होंने कहा की जन अभियान परिषद युवाओं में सकारात्मक सोच के साथ तैयार कर रहे समग्र सोच का व्यक्तित्व। कार्यक्रम संचालन करते हुए परामर्शदाता विनोद तिवारी ने कहा की हम सभी का सौभाग्य है की राज्य चैयरमेन एवम प्रबुद्ध व्यक्तित्व के धनी डाक्टर गगन कोल्हे जी ने आज हम सभी की समझ को बृहद सोचने की दिशा में नए दृष्टिकोण पैदा किए है।कैसे अपने पर्यावरण को प्रदूषित होने से कैसे बचाया जा सकता है बताया । हम सभी पर्यावरण के संरक्षण में आपने बताए रास्तों पर चलने का पूरा प्रयास करेगे विश्वास दिलाते है।

# ग्रीन फाउंडेशन की ग्रामों में आयोजित हो रही है बैठकें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

ग्राम पंचायत खांडसिवनी,ग्राम सवरर्णी दवामी सौंसर में ग्रीन फाउंडेशन आरपीसीएल परियोजना के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया।ग्रीन फाउंडेशन की माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र को में बैठे थे करते हुए किसानों का सर्वांगीण विकास कैसे हो इस पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। बैठक के दौरान किसान महिला पुरुष सरपंच ,सचिव ,मेंबर ग्रीन फाउंडेशन से प्रोजेक्ट मैनेजर अंशु शर्मा,प्रोडक्शन यूनिट मैनेजर चंद्रपाल काकड़े,नीता गुरवे, वैभव बूटे,उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में किसानों की समस्या का मूल्यांकन और निराकरण करने के लिए प्लान बनाया गया। ग्रीन फाउंडेशन के अंतर्गत परियोजना से किए जाने वाली गतिविधियों से अवगत कराया गया और सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा हितग्राहियों को चिन्हित किया गया एवं यह प्लान ग्राम पंचायत के पोर्टल जी पी डी पी में डालने के लिए सभी के सहयोग से बनाया गया।

# 23 मई को पारडी अनावरण समारोह का आयोजन, भीम बुद्ध कव्वाली में आएंगे महाराष्ट्र के कव्वाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर



नालंदा बौद्ध विहार निर्माण समिति पारडी में 23 मई को भगवान बुद्ध जयंती के अवसर परमहाकारूणिक तथागत गौतम बुद्ध की पुर्णाकृति प्रतिमा का अनावरण समारोहका आयोजन किया जा रहा है।आयोजन कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनार्दन लोखंडे करेंगे। अनावरण एवं धम्मदेशना कार्यक्रम प पु भंते मोग्गलमान आगरा,भंते धम्मरक्षीत काटोल, भंदत्त, अक्षय,येनीकोनी, के द्वारा की जाएगी।आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप मेंभारतीय बौद्ध महासभा मध्यप्रदेश अध्यक्ष मुकुल वाघ रहेंगे।प्रमुख अतिथि के रूप में भारतीय बौद्ध महासभा जबलपुर संभाग प्रभारी चंद्रभानजी बागडे, हरिदास गोलाइत, शेषराव वंजारी, रामदास गोलाईत,अजय नारनावरे भोपाल,भारतीय बौद्ध महासभा जबलपुर संभाग प्रभारी दिलीप बागडे, प्रदेश सदस्य सुभाष सहारे, जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत,सौसर तहसील अध्यक्ष लक्ष्मीदास बोरकर, पांढुर्णा अध्यक्ष जे. एल. पदमाकर, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ राहुल वहाने, मधुकरजी गोलाइत गुरुजी, अशोक गजभिए, पूर्व उपसरपंच बालाजी निकोंसे, आनंदराव गोलाईत रहेंगे।23 मई गुरुवार नालंदा बुद्ध विहार निर्माण परिसर पारडी में संपन्न होने वाले आयोजन मेंदोपहर 3 बजे से तथागत भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण एवं सामूहिक माल्यार्पण, त्रिशरण पंचशील वंदना, अतिथियों का स्वागत, सामाजिक उद्बोधन, भोजन दान कार्यक्रम संपन्न होगा। शाम 6 बजे से महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध गायक कव्वाल प्रकाशदिप वानखेड़े, गायिका कुमारी स्नेहल,साक्षी के द्वारा भीम बुद्ध गीतों पर आधारित प्रबोधन एवं कव्वाली प्रस्तुत की जाएगी। नालंदा बुद्ध विहार निर्माण समिति की ओर से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का क्षेत्र वासियों से निवेदन किया है।

लांजी के ग्राम बिरनपुर के वार्ड क्रमांक 1 का मामला

# तहसीलदार कथे हिट जा, विधायक हलो भर बोल थे : मानकी बाई




## ग्रीन कार्ड से महिला को मिली भूमि पर प्रशासन से पुनः लगाया स्टे

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लगभग 3 दशक पहले लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम बिरनपुर निवासी मानकीबाई पति राधेलाल महिश्वरे लोधी जाति ग्राम बिरनपुर वार्ड नं. 1 छपारटोला ने शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश नसबंदी कराई और शासन की योजना से लाभांवित हुई। और शासन से ग्रीन कार्ड प्राप्त कर अपने लिये आशियाना बनाने हेतु जमीन भी प्राप्त की। जिस पर वह लगभग 3 दशकों से अपने परिवार के साथ निवास कर रही थी जिसे पुनः शासन की योजना का का लाभ मिला और 2022-23 के सत्र में मानकीबाई को पीएम आवास योजना का लाभ मिला और वह ग्रीन कार्ड से मिली भूमि पर अपना आवास बनाने में जुट गई जिसे आवास योजना की पहली किश्त की राशि 25000 भी मिल गई परंतु चुनावी रंजिश और परेशान करने की नीयत से गांव की ही रखीबाई पति स्व. खेमचंद अहिर द्वारा मानकीबाई के आवास पर स्टे लगवा दिया गया जिससे मानकीबाई के आवास का कार्य रोक दिया गया। पीड़ित महिला मानकीबाई ने बताया की तहसीलदार द्वारा उनसे ठीक तरह से बात नहीं की जाती और उन्हें अपने कार्यालय से बाहर जाने के लिये कहा जाता है वहीं विधायक से गुहार लगाने पर उनके द्वारा फोन कान में लगाकर हलो कहा जाता है और काम हो जाएगा बोलकर इतिश्री कर ली जाती है। मानकीबाई ने कहा की क्षेत्र के हल्का पटवारी और ग्राम के सरपंच की मिलीभगत के कारण आज वह अपनी ही भूमि में घर बनाने के लिये चक्कर काट रही है जो उसके साथ पूर्णतया अन्याय है।

**आरआई पटवारी के निरीक्षण में नहर में निकली जमीन:** मानकीबाई पति राधेलाल महिश्वरे और रखीबाई पति स्व. खेमचंद अहिर काजमीन विवाद जब लांजी तहसील कार्यालय पहुंचा जिसकी जांच करने के लिये आरआई और पटवारी निरीक्षण करने पहुंचे तो रखीबाई पति स्व. खेमचंद अहिर की जमीन नहर के पास निकली और मानकीबाई पति राधेलाल महिश्वरे की भूमि शासन की भूमि पर ही निकली। जिसके बाद मानकीबाई पति राधेलाल महिश्वरे के आवास पर लगा स्टे हटा दिया गया और पुनः मानकीबाई पति राधेलाल महिश्वरे ने अपने आवास का कार्य प्रारंभ कर दिया। परंतु फिर एक बार रखीबाई पति स्व. खेमचंद अहिर ने तहसील कार्यालय में स्टे के लिये आवेदन किया और पुनः तहसीलदार ने मानकीबाई के आवास में स्टे लगा दिया जिससे 9 लोगों से भरा पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। परंतु उनकी सुनने वाला कोई नहीं।चुनावी रंजिश के कारण मेरे आवास का कार्य रोका गयाः मानकी बाईलगातार दो बार आवास में स्टे लगाये जाने व्यथित मानकीबाई ने रोते हुए बताया की वह उक्त भूमि पर पिछले 30 वर्षों से निवास कर रही है और जब उसे यह शासकीय भूमि मिली थी तब यहां सिर्फ जंगल और झाडिय़ों के अलावा कुछ नहीं था परंतु इतने सालों की मेहनत से मैने और मेरे परिवार के लोगों ने इस भूमि को सजाया संवारा और अपने रहने लायक बनाया परंतु पंचायत चुनाव की रंजिश रखते हुए सरपंच द्वारा पटवारी और ग्राम की महिला के साथ मिलकर मेरे साथ अन्याय कर रहे हैं और परेशान करने का कार्य कर रहे है। जिससे मैं और मेरा पूरा परिवार बहुत ज्यादा परेशान है। मानकीबाई ने बताया की तहसील कार्यालय में जाने पर तहसीलदार उनसे बुरा बर्ताव कर रहे है और पटवारी भी हमारे कार्य पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। वहीं क्षेत्रिय विधायक के पास भी चार बार जाने के बाद भी समस्या का कोई हल नहीं निकल पाया है।मानकीबाई के पास मौजूद हैं पूर्ण दस्तावेड्डा...वहीं इस संबंध में मानकीबाई ने बताया की उक्त भूमि जो उसे शासन की ग्रीन कार्ड योजना के अंतर्गत मिली है जिसके संपूर्ण दस्तावेज उसके पास मौजूद है। तथा सीमांकन की प्रति भी है परंतु पटवारी द्वारा चालाकी दिखाते हुए सीमांकन की प्रति में फील्डबुक की प्रति संलग्र नहीं की गई और तहसीलदार और वरिष्ठ अधिकारियों को धोखे में रखा जा रहा है जिसके कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। वहीं पटवारी द्वारा एक ही भूमि का दो प्रकार का प्रतिवेदन बनाकर प्रकरण को उलझाने का कार्य किया गया है जो न्यायोचित नहीं है।

### इनका कहना है

उक्त मामला मेरे संज्ञान में है। पटवारी द्वारा जो रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है उसमें उक्त भूमि को शासकीय भूमि पाया गया है। तथा मामला मेरी पदस्थापना से पूर्व का है जिसके कारण पूर्ण जानकारी अभी हमारे पास उपलब्ध नहीं है। शीघ्र ही मामले की जानकारी लेकर निराकरण किया जाएगा।

**हिम्मत सिंह भवेदी,**
**तहसीलदार, लांजी**

46 प्रकरणों में हुआ आपसी राजीनामा

# व्यवहार न्यायालय कटंगी में नेशनल लोक अदालत हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



शनिवार को व्यवहार न्यायालय कटंगी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ. जहां शाम तक आपसी राजीनामा योग्य कुल 46 प्रकरणों का निराकरण किया गया. जिसमें 82 लोग लाभान्वित हुए. मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश चंद्र थपलियाल और माननीय न्यायाधीश सुरेंद्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में लोक अदालत आयोजित की गई थी. व्यवहार न्यायालय कटंगी में माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सुधा पाण्डेय और माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नेहा ठाकुर की अलग-अलग खंडपीठ में प्रकरणों का निराकरण किया. न्यायालय ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा पाण्डेय की न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय के कुल 12 प्रकरणों का निराकरण हुआ. जिसमें 28 लोग लाभान्वित हुए. एमजेसीआर पारिवारिक विवाद से संबंधित 06 प्रकरणों में 03 प्रकरणों का 17 लाख में आपसी राजीनामा कर निराकरण किया गया जिसमें 14 लोग लाभान्वित हुए. न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नेहा ठाकुर के न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय के कुल 14 प्रकरणों का निराकरण किया गया. जिसमें 38 लोग लाभान्वित हुए. परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के 02 प्रकरणों का 2 लाख 75 हजार रुपये की राशि में राजीनामा किया गया. जिससे 04 लोग लाभान्वित हुए. पारिवारिक विवाद के 06 प्रकरणों का 12 हजार रूपये में आपसी राजीनामा किया गया जिसमें 12 लोग लाभान्वित हुए. नेशनल लोक अदालत में प्रिलिटिगेशन प्रकरणों को रखा गया था. जिसमें नगर परिषद के जलकर के 02 प्रकरणों 7 हजार 850 रुपये वसूल किया जाकर प्रकरण निराकरण किया गया. संपत्ति कर के कुल 06 प्रकरणों का निराकरण कर 15 हजार 279 रुपये और नजूल के 01 प्रकरण में 3 हजार 5 सौ रुपये की राशि वसूली की गई।



# अविल भारद्वाज ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

नगर के सीएम राइज स्कूल में सेवारत डांस टीचर अविल भारद्वाज ने चड़ीगढ़ में आयोजित फोक डांस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय मेरिट सर्टिफिकेट और सिल्वर मेडल जीता है. अविल भारद्वाज ने नाचेगा सारा इंडिया सीजन 2 और डांस का दंगल, बिगेस्ट टीवी रियलिटी शो छोटे पर्दे में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपना योगदान प्रदान किया है. उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए पहला और दुसरा स्थान हासिल कर कटंगी को गौरवान्वित किया है. अविल भारद्वाज ने महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक जैसे राज्यों में अपनी प्रस्तुति भी दी है. गौरतलब हो कि अविल भारद्वाज इन दिनों सीएम राइज में 12 दिवसीय डांस समर कैंप में बच्चों को नई-नई विधाओं के साथ लिरिकल डांस, बॉलीवुड डांस, क्लासिकल डांस सीखा रहे हैं. वह नृत्य कला की बारीकियों की बच्चों को जानकारी दे रहे है. जिसके चलते कटंगी क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभाएं भविष्य में मंच पर आकर प्रदर्शन करेगी।

जांच पर टिकी कटंगी शहर की जनता की निगाहें, हितग्राहियों में जागी उम्मीद

# आज से शुरू होगी पीएम आवास शहरी की जांच

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




गरीबों को पक्की छत दिलाने के लिए केन्द्र सरकार के द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में कथित तौर पर कटंगी शहर में नगर परिषद के अधिकारियों ने बड़ा गड़बड़ घोटाला किया है. जिसके चलते वर्ष 2018-19 में जिन हितग्राहियों को आवास स्वीकृत हुए और आवास का कार्य पूर्ण कर लिया गया परंतु इसके बावजूद हितग्राहियों को आज तक तीसरी किस्त नहीं मिली है. हितग्राही कई बार तीसरी किस्त के लिए नगर परिषद कटंगी कार्यालय के चक्कर लगा चुके है. बावजूद हितग्राहियों को बताया कि सरकार से राशि नहीं आई है. जबकि नगरीय एवं आवास विभाग के वरिष्ट अधिकारियों का दावा है कि डीपीआर के मुताबिक नगर परिषद कटंगी को राशि आवंटित हो चुकी है. इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने जांच के आदेश दिए है. जिसके लिए 18 सदस्यों की एक टीम बनाई गई है. यह टीम आज यानी सोमवार से जांच शुरू करेंगी. अब इस पूरी जांच पर कटंगी शहर की जनता की निगाहें टिकी हुई है और हितग्राहियों को उम्मीद है कि जांच के बाद सच बाहर आएगा।

बता दें कि नगर परिषद कटंगी में वर्ष 2018-19 से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के करीब 140 हितग्राहियों को तीसरी किस्त आज पूरे पांच साल से भी अधिक का वक्त बीतने के बाद भी नहीं मिल पाई है. इन हितग्राहियों ने इस पूरे मामले को लेकर कई बार नगर परिषद कटंगी कार्यालय के दफ्तर के चक्कर काटें और कई बार तीसरी किस्त प्रदान करने की मिन्नतें भी की लेकिन नगर परिषद में पीएम आवास योजना के नोड़ल अधिकारी उपयंत्री राजेश चौकसे और लेखापाल अशोक दुबे हितग्राहियों को केवल गुमराह करते रहे. जिसके चलते बीते दिनों पीएम आवास योजना के हितग्राहियों ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए आवास योजना की तीसरी किस्त प्रदान कराने और पीएम आवास की जांच करवाने की मांग रखी थी. वहीं पीएम आवास में कथित घोटाले का मुद्दा बीते एक सप्ताह से लगातार अखबारों की सुर्खियों में छाया हुआ है. इस बीच कलेक्टर ने बालाघाट में जिले भर के नगरीय निकाय के अधिकारियों की बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव को जांच टीम का गठन कर वस्तुस्थिति क्लीयर करने को कहा था. मगर, सीएमओ जब कलेक्टर के लिखित आदेश का इंतजार करते दिखे तो कलेक्टर ने 07 मई को जनपद पंचायत कटंगी के अधिकारियों और पंचायत के रोजगार सहायकों का एक दल गठित किया है. जिन्हें 08 बिंदुओं के आधार पर जांच करने के लिए आदेशित किया गया है. यह टीम आज से जांच शुरू करेगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में जिन बिंदुओं पर जांच करना है. उसके बारे में पहले ही बता दिया गया है. अब आपको बता दें कि कटंगी शहर में जहां एक तरह आवास पूर्ण करने के बाद भी हितग्राहियों को तीसरी किस्त नहीं मिली है. वहीं कई अपात्र को आवास योजना का लाभ पहुंचाया गया. तालाब की भूमि पर आवास स्वीकृत कर दिए गए है. जिनके पहले से पक्के मकान है. ऐसे लोगों को भी हितग्राही बनाकर आवास योजना का लाभ दिया गया है. कई आवासों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही है. जबकि एक ही परिसर में दो से तीन मकान स्वीकृत कर दिए गए. नगर परिषद ने ऐसे भी हितग्राहियों के खाते में 2 किस्त जमा करा दी. जिन्होंने पहली किस्त मिलने के बाद भी आवास का कार्य नहीं शुरू किया. सूत्रों की माने तो इस बीच कभी नगर परिषद ने ऐसे हितग्राहियों को नोटिस तक जारी नहीं किया. जिन्होंने किस्त मिलने के बाद भी आवास शुरू नहीं किया. जबकि जिन हितग्राहियों ने आवास पूर्ण कर लिया. उन हितग्राहियों को तीसरी किस्त नहीं दी. अब जब यह पूरा मामला उजागर होने लगा तब जरूर नगर परिषद ने कुछ हितग्राहियों को आवास अपूर्ण होने और राशि वापस करने का नोटिस थमाया. बहरहाल, अब कलेक्टर के आदेश पर पूरे मामले की जांच शुरू हुई है. जिसके बाद सच सभी के सामने आए।

# धूमा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर 24 घण्टे के अन्दर पकड़ा हत्या करने वाले अपचारी बालकों को भेजा बाल संरक्षण गृह में

**घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी करन अहिरवार निवासी धूमा ने रिपोर्ट लेख कराया की दिनांक 10/05/2024 को मेरे मोहल्ले के गोविन्द अहिरवार की शादी कमला गार्डन से हो रही थी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा जिले मे हो रहे गंभीर अपराधो मे अंकुश लगाने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन मे थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। " इसी दौरान ग्राम धूमा मे मारपीट कर चाकूबाजी की रिपोर्ट प्राप्त हो गई है जो वरिष्ठ अधिकारीयो को अवगत कराया गया जो पुलिस अधीक्षक महोदय राकेश कुमार सिंह के आदेशानुसार श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक सिवनी जी डी शर्मा के निर्देशन मे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन मे थाना पुलिस स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई ।

लड़की पक्ष के लोग भी कमला गार्डन में शादी में साथ में शामिल थे। रात्रि करीबन 11.00 बजे विशाल अहिरवार का बाराती (अपचारी बालक 1) और (अपचारी बालक 2) जिनको मै जानता पहचानता हूँ से प्लेट उठाने की बात को लेकर वाद विवाद होने लगा ।

विवाद देखकर पास में खडा मेरा भाई आकाश उर्फ अर्जुन अहिरवार आया और कहने लगा आपस में क्यो विवाद कर रहे हो तो (अपचारी बालक 2) ने मेरे भाई आकाश उर्फ अर्जुन के साथ झूमाझटकी करने लगा और पीछे से पकड लिया। (अपचारी बालक 1) ने अपने पास रखा लोहे का चाकू (अपचारी बालक 2) को दिया और कहा (अपचारी बालक 2) मार इस मादरचोद को ज्यादा बनता है। (अपचारी बालक 2) ने (अपचारी बालक 1) से चाकू लेकर जान से खत्म करने की नियत से आकाश उर्फ अर्जुन के पेट में चाकू घुसाकर पेट में घुमाया और चाकू को दाहिने तरफ आकाश उर्फ अर्जुन के पेट में मारकर बाहर निकाल दिया चाकू लगने से आकाश उर्फ अर्जुन का पेट फट गया और आंते बाहर निकल गई। झगड़ा देखकर दीपू अहिरवार बीच बचाव करने आया तो (अपचारी बालक 2) ने दीपू को दाहिने हाथ में पत्थर उठाकर मार दिया। दीपू पकडने दौडा तो (अपचारी बालक 1) ने अपने हाथ में लिया चाकू (अपचारी बालक 2) को दिया मारपीट कर (अपचारी बालक 2) और (अपचारी बालक 1) दोनों वहां से भागने लगे। (अपचारी बालक 2) और (अपचारी बालक 1) को पकड़ने की कोशिश की तो (अपचारी बालक 2) को पकड़ लिया (अपचारी बालक 1) छुटककर भाग गया। आकाश उर्फ अर्जुन को तत्काल ईलाज के लिये जबलपुर अस्पताल प्रायवेट वाहन से लेकर गये हैं कि रिपोर्ट पर थाना धूमा मे 1. (अपचारी बालक 1) एवं 2. (अपचारी बालक 2) के विरूध्द अप.क्र. 163 / 24 धारा 294,323, 307, 34 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया । इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई की आकाश उर्फ अर्जुन हिरवार की ईलाज हेतु जबलपुर ले जाते समय मौत हो गई है जो प्रकरण मे तहरीर प्राप्त होने पर विधिवत धारा 302 भादवि का ईजाफा किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर (अपचारी बालक 1) को पकड़ा गया एवं दोनो अपचारी बालको को विधिवत किशोर न्यायालय मे पेश करने उपरांत बाल संरक्षण गृह मे भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी धूमा उपनिरी0 सतीश उइके,, सउनि सौरभ शर्मा, सउनि जयराम ठाकुर, आर. 481 सुरेन्द्र उइके, आर.500 रवि यादव, आर. 111 नेकसिह उइके, आर. 617 सतीश ठाकुर, आर. 489 अरूण पटेल एवं आर. 588 राजेश साहू का सराहनी योगदान रहा।

# जिले से होकर जबलपुर जाने और आने वाली ट्रेनें 31 तक रद्द, रेल यात्रियों की बढ़ी मुश्किल

**स्थानीय रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के आए दिन रद्द होने की खबर से यात्री मायूस है। इस बार सिवनी से रीवा, कटनी, मैहर व जबलपुर जाने वाले यात्रियों की मुश्किल बढ़ी है। सिवनी से उक्त स्टेशनों पर जाने और उधर से आने वाली शहडोल व रीवा एक्सप्रेस के रद्द होने से यह समस्या शुरू हुई है। यात्रियों की माने तो उक्त क्षेत्र में जाने के लिए सबसे अधिक आरामदायक व किफायती साधन ट्रेन है। उक्त मार्ग पर बस की भी सुविधा है, लेकिन वह बहुत महंगी व गर्मी को देखते हुए परेशानी वाली है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अनुसार नागपुर से चलने वाली 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस आठ से शुक्रवार तक रद्द रही। 19 से 30 मई तक उक्त ट्रेन रद्द रहेगी। नौ से शुक्रवार तक शहडोल से चलने वाली 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस रद्द रही। यह ट्रेन शनिवार को रद्द रहेगी। 20 से 31 मई तक भी उक्त ट्रेन रद्द रहेगी।सुबाषचंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली रीवा एक्सप्रेस 11755 आठ से शुक्रवार तक रद्द रही। यह ट्रेन शनिवार, सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं 18, 20, 22, 24, 25, 27, 29 व 31 मई को रद्द रहेगी। रीवा से चलने वाली रीवा-सुभाष चंद्र बोस एक्सप्रेस 11756 आठ से शनिवार तक रद्द रही। यह ट्रेन 13, 15, 17, 18, 20, 22, 24, 25, 27, 29 व 31 मई तक रद्द रहेगी। खास है कि काउंटर पर टिकट काटने वाले कर्मचारी की माने तो प्रतिदिन दर्जनों लोग रद्द ट्रेन को पकडऩे के लिए आते और वापस लौटकर जाते हैं।

### इस कारण से रद्द हैं ट्रेनें

रेलवे अधिकारियों की माने तो इतवारी स्टेशन पर एलएचएस पुशिंग का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य आठ से 10 और 19 से 30 मई तक चलेगा। ऐसे में सिवनी से होकर उक्त रेल मार्ग पर चलने वाली इतवारी से शहडोल आने और जाने तथा रीवा से इतवारी आने और जाने वाली ट्रेन को भी रद्द किया गया है।

### ट्रेनों के पेंट्रीकार, अग्निशमन यंत्र व विद्युत उपकरण की जांच कर रहे अधिकारी

रेलवे बोर्ड के निर्देश पर नागपुर मंडल से चलने गुजरने वाली ट्रेनों के पेंट्रीकार में आठ से विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 14 तक चलाया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के मार्गदशन तथा सहायक वाणिज्य प्रबंधकों के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग के निरीक्षक व पर्यवेक्षकों की टीम जांच कर रही है।

अब तक मंडल के जबलपुर-नैनपुर, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस (इतवारी)-सिवनी आदि रेल खण्डों से चलने और गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों के पेंट्रीकारों की गहन जांच की जा रही है। यात्रियों को बेहतर खानपान सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे के वाणिज्य अधिकारी और वाणिज्य निरीक्षक ट्रेनों में घूम घूमकर पेंट्रीकार की जांच कर रहे हैं। पेंट्रीकार में खानपान सामग्री को सुरक्षित रखने, निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे न लेने, सफाई एवं मून्यू के साथ रेट चार्ट का जायजा सहित पेंट्री कार में स्मोक डिटेक्टर, अग्निशमन यंत्र, विद्युत उपकरणों तथा अन्य अग्नि सुरक्षा उपकरणों की गहन जांच व इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट, परिचय-पत्र, साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है।


### सिवनी से गुजरने वाली अधिकांश ट्ररनों में नहीं हैं पेंट्रीकार

सिवनी से यात्रा करने वाले यात्रियों की माने तो अधिकांश ट्रेनों में पेंट्रीकार नहीं है। इसकी वजह से ट्रेन के डिब्बों में पम्प्लेट के माध्यम से भोजन का ऑर्डर लेकर खराब खाना बाहरी लोग कानून को ताक पर रखकर यात्रियों को परोस रहे हैं। उन पर रेलवे का कोई अंकुश नहीं है। बीते माह सिवनी के एक यात्री ने इटारसी में ऐसे ही लोगों से मिले खाने की शिकायत की थी, लेकिन अब तक उस मामले में कुछ नहीं हुआ। ऐसे में रेलवे के अधिकारियों को अभियान चलाकर इस पर अंकुश लगाना चाहिए।

# पुनः बबरिया तालाब से जोड़कर भरा जावे दलसागर तालाब : नवेंदु मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी शहर की पुरानी पानी कि व्यवस्था के की ऐसे पहलू है जिनके बारे मे सिवनी वर्तमान पीढ़ी या तो नहीं जानती या फिर बहुत कम जानकारी है। उन्ही मे से एक है दलसागर-बाबरिया-बुधवारी तालाब का एक दूसरे से जुड़ा हुआ होना।



अंग्रेजों के समय से 1915 के नक्शे के अनुसार एक नहर बाबरिया तालाब से दलसागर तालाब तक कंपनी गार्डन होते हुए आती थी और अंत मे बुधवारी तालाब तक जाती थी। परंतु जैसे जैसे शहर बढ़ा तो नहर बंद होती चली गई दलसागर और बुधवारी तालाब मे नालों का पानी जाने लगा जिससे इन तालाबों की निर्भरता बाबरिया की नहर पर काम होती चली गई।

चूंकि दलसागर तालाब और बुधवारी तालाब मे पानी आने के स्त्रोत पहले जहां से थे वहाँ मकान और सड़के बन गई जिनकी नालियों से कुछ समय पानी इन तालाबों मे आना शुरू हुआ। इसके बाद धीरे धीरे नालों और नालियों मे गंदगी बढ़ने से इन तालाबों मे भी गंदगी बढ़ाने लगी साथ ही इन नालों और नालियों के जल शोधन के लिए जो प्रयास किये जाने थे नगर पालिका अथवा जिला प्रशासन द्वारा वे प्रयास नहीं किये गए। जिसका परिणाम ये हुआ कि हमारे स्वच्छ जल के स्त्रोत दलसागर और बुधवारी तालाब गंदे पानी के टैंक बनकर रह गए। जिसका परिणाम ये हुआ की हमारा भूमिगत जल लगातार प्रदूषित हो रहा है, पिछले दिनों जो वाटर स्पोर्ट्स का प्रस्ताव आया था वो वापस चला गया क्युकी दलसागर का जल मानवीय त्वरचा के लिए हानिकारक है।

गंदगी और प्रदूषण से निकाल कर दलसागर और बुधवारी तालाब को पुनः जीवित करने के लिए नगर पालिका और जिला प्रशासन को आगे आकर कार्य होगा। बबरिया तालाब से बारापत्थर होते कंपनी गार्डन होते हुए जो नहर दलसागर आती थी उसका सीमाकन कर पुनः उसे अतिक्रमण मुक्त कर जीवित कराया जाकर नहर चाहे खुली या आवश्यक हो तो पाइप डालकर बनाई जाए। जिसके माध्यम से बाबरिया के ओवरफ़्लो का पानी सीधे दलसागर बुधवारी मे आ सके। इसके लिए नगरपालिका द्वारा सीमांकन कि कार्यवाही जिला कलेक्टर के आदेश पर शुरू भी कि गई है। इसके अलावा शहर के पानी के शोधन के लिए दूषित जल शोधन संयंत्र भी लगाए जाए कि जल तालाबों मे जाने के पूर्व शोधित हो जाए ताकि भविष्य मे वाटर स्पोर्ट्स और नागरिक स्वास्थ्य बचाने हेतु कार्य किया जा सके।

# पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में बंडोल थाने द्वारा की त्वरित कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा, एसडीओपी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल राजेश कुमार दुबे व्दारा थाना क्षेत्र मे लगातार कार्यवाही की जा रही है।



बीति रात्री मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी बंडोल व्दारा अवैध शराब विक्रय पर कार्यवाही करते हुएँ तत्काल टीम का गठन कर टीम मे सउनि राजेन्द्र नागवंशी सउनि) अशोक सेन, म.आर. 743 बबीता अहिके, म.आर. 659 शानू नागरे को वैधानिक कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। जिनके द्वारा ग्राम बखारी मे घेराबंदी कर नीलेश पिता नरेन्द्र साहूँ उम्र 25 साल के कब्जे से 44 पाव अंग्रेजी, 70 पाव देशी, मसाला शराब व 07 बाटल बियर कीमती 14670 रूपये की शराब जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 34(1) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई ।

## धूमा में शंकराचार्य जी का महाभिनंदन, धर्मसभा

# जिस प्रकार भगवान परशुराम ने वेदाध्ययन किया और पृथ्वी की रक्षा की उसी प्रकार ब्राम्हणों को वेदवाक्य "धर्मो रक्षति रक्षितः" का भी पालन करना चाहिए

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर प्रथम बार धूमा पधारे ब्रम्हलीन पीठद्वयाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के शिष्य पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का शनिवार को प्रातः 09:00 बजे धूमा आगमन हुआ,जिसमें परशुराम सेना के कार्यकर्ताओं एवम युवाओं द्वारा बाइक रैली,डीजे, ढोल के साथ महाराज श्री की भव्य अगवानी की गई और सिद्धेश्वर नगर में महाराज श्री का पादुकापूजन किया गया एवम नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए शोभायात्रा निकाली गई और जगह जगह शंकराचार्य जी का पूजन स्वागत किया गया जिसमें नगर के प्रबुद्धजन एवम वरिष्ठ नागरिक सम्मिलित हुए।

शोभायात्रा जब हनुमान मंदिर पहुंची तब परशुराम सेना एवम ब्राम्हण समाज धूमा द्वारा महाराज श्री की भव्य अगवानी की गई वही शंकराचार्य जी ने हनुमान मंदिर पहुंचकर मूंछ वाले हनुमान जी का विधिवत पूजन किया एवम मंच में पदार्पण हुआ जहां धूमा ब्राम्हण समाज द्वारा शंकराचार्य जी का पादुका पूजन किया गया एवम नगर के सामाजिक संगठनों कार्यकर्ताओं द्वारा शंकराचार्य जी की पादुका में माल्यार्पण किया गया वहीं परशुराम सेना द्वारा शंकराचार्य जी को 51 किलो की गुलाब माला, पगड़ी, परशुराम फरसा, एवम महाभिनंदन कर अभिनंदन पत्र अर्पित किया गया। धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए पूज्य शंकराचार्य जी ने कहा कि भगवान धर्म की रक्षा करने के लिए इस भूधरा पर अवतार लेते हैं चौबीस अवतारों में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का मूल नाम राम था किन्तु जब भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया तभी से उनका नाम परशुराम हो गया। पितामह भृगु द्वारा सम्पन्न नामकरण संस्कार के बाद वे राम कहलाए। वे जमदग्नि के पुत्र होने के कारण जामदग्न्य और शिवजी द्वारा प्रदत्त परशु धारण करने के कारण परशुराम जी कहलाए कैलाश गिरिश्रृंग पर्वत पर स्थित भगवान शंकर के आश्रम में विद्या प्राप्त कर विशिष्ट दिव्यास्त्र विद्युदभि नामक परशु प्राप्त किया। जिस प्रकार भगवान परशुराम ने वेदाध्ययन किया और पृथ्वी की रक्षा की उसी प्रकार ब्राम्हणों को वेदवाक्य "धर्मो रक्षति रक्षितः"का भी पालन करना चाहिए जिसमें उन्हें वेदों का अध्ययन करना चाहिए,दान लेने के साथ दान करना भी चाहिए,ब्राम्हणों को धर्मोपदेश देते हुए शंकराचार्य जी ने कहा कि आप लोग सिर्फ दान लेते हो दान करना भी सीखो,बहुत से लोग अपने लिए भगवान शब्द का प्रयोग करते हैं उन्हें ये बात समझ लेनी चाहिए कि भगवान का स्वरूप क्या है जिन भगवान ने अवतार लिया है उनकी शक्ति क्या है,उनका वैभव क्या है,उनका वाक्य वैभव क्या है,किसे भगवान कहेंगे,कहते हैं जिसमें समस्त ऐश्वर्य है,समस्त ज्ञान है,समस्त धर्म है, समस्त बुद्धि है, समस्त यश है, वह भगवान नाम से जाना जाता है। समग्र ऐश्वर्य का जो धारक है उसे भगवान कहते हैं,जो मनुष्यों को धर्म पर चलने का मार्ग प्रशस्त करे उसे भगवान कहते हैं,।

# नेशनल लोक अदालत में 496 प्रकरणों का निराकरण कर 1342 पक्षकारों को लाभांवित किया जाकर 43120977 रूपये से अधिक के अवार्ड पारित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मुख्य न्यायाधीपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं माननीय कार्यपालक अध्यक्ष महोदय मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के तत्वाधान में दिनांक 11.05.2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीश चन्द्र राय द्वारा सादे समारोह में दीप प्रज्ज्वलन द्वारा जिला न्यायालय सिवनी के वीडियो कांफ्रेसिंग हॉल में प्रातः 10:30 बजे जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री रवि कुमार गोल्हानी, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाब, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्रीमती मनीषा बसेर, जिला न्यायाधीशगण श्री के. एम. अहमद, श्रीमती प्रेमा साहू, श्री बलवीर सिंह धाकड़, श्री जयदीप सिंह सोनबर्से, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री तेज प्रताप सिंह, जिला रजिस्ट्रार श्री ठाकुर प्रसाद मालवीय अन्य न्यायाधीशगण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री राजेश सक्सेना की उपस्थिति में किया गया।

नेशनल लोक अदालत के औपचारिक उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नेशनल लोक अदालत में न्यायाधीशगणों व अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण में विशेष प्रयास करने एवं नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने का अवाहन किया। इसके पूर्व जिला अभिभाषक संघ श्री रवि गोल्हानी द्वारा उद्घाटन सत्र को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा द्वारा एवं मंच संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री राजेश सक्सेना द्वारा किया



गया। शुभारंभ पश्चात नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन पंवार द्वारा भी माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश के साथ विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों द्वारा नेशनल लोक अदालत आयोजन स्थल का भ्रमण भी किया। उक्त नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय की भांति तहसील विधिक सेवा समितियों लखनादौन, घंसौर एवं केवलारी में भी न्यायाधीशगणों एवं अधिवक्तागणों की उपस्थिति में किया गया। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दाण्डिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामलें, विद्युत के लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया साथ ही बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल. की बकाया वसूली से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला मुख्यालय सिवनी, लखनादौन एवं घंसौर हेतु एक न्यायाधीश एवं एक सुलहकर्ता सदस्यों से गठित कुल 22 खंडपीठों का गठन किया गया है। कुल 22 खंडपीठों में समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण 1575 रखे गये, जिनमें 132 प्रकरण निराकृत किये गये। धारा 138 चैक बाउन्स के 583 प्रकरण रखे गये, जिनमें 36 प्रकरण निराकृत किये गये, 5714270 रूपये की समझौता राशि का आदेश पारित हुआ। मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के 555 प्रकरण रखें गये जिनमें 32 प्रकरण निराकृत हुए एवं 10927000 रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया। अन्य सिविल प्रकरण 265 रखें गये, जिनमें 06 प्रकरणों का निराकरण किया गया, 713056 रूपये की समझौता राशि का आदेश पारित हुआ। विद्युत अधिनियम के 170 प्रकरण रखें गये, जिनमें 01 प्रकरण निराकृत हुए एवं 6340 रूपये समझौता राशि का आदेश पारित किया गया। पारिवारिक विवाद से संबंधित 624 प्रकरण रखें गये थे, जिनमें 42 प्रकरण निराकृत हुए। उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण मामलों के 30 रखे गये प्रकरणों में से 24 प्रकरण निराकृत हुये एवं 834554 रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया एवं 66 अन्य मामलों के रखे गये प्रकरण में से 02 प्रकरण का निराकरण किया गया। इसी प्रकार पूर्व वाद प्रकरणों में बैंक वसूली के 3713 प्रकरण रखें गये, जिनमें 54 प्रकरणों में आपसी समझौतें से 21177171 रूपये की राशि का वसूली आदेश पारित किया गया, विद्युत अधिनियम के पूर्व वाद प्रकरण 1643 रखें गये जिनमें 41 प्रकरण निराकृत हुए एवं 255242 रूपये की समझौता राशि का आदेश पारित हुआ। नगरपालिका से संबंधित जलकर के 914 प्रकरण रखें गये, जिनमें 122 प्रकरण निराकृत हुए एवं 1163407 रूपये की जलकर की राशि वसूल की गई । इसके अतिरिक्त अन्य प्रिलिटिगेशन के 449 प्रकरण रखे गये जिसमें 28 प्रकरण निराकृत हुये एवं 1093026 रूपये की वसूली राशि के आदेश पारित किये गये।

### विशेष प्रयास

आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्रीमती मनीषा बसेर के विशेष प्रयास से परिवार न्यायालय के 03 प्रकरणों का सुलह एवं समझौते के माध्यम से निराकरण किया गया तीनो प्रकरणों के पक्षकारों ने एक दूसरे को फूलों की माला पहनाकर एक साथ दाम्पत्य जीवन हंसी-खुशी निर्वाह करने हेतु सहमत हुये। माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा उक्त जोड़ों को फलदार पौधों को स्मृति चिन्ह स्वरुप भेंट किया गया।



## व्यापारियों से वसूला 97885 रूपये का पांच गुना दाण्डिक शुल्क

# जिला मंडी समिति ने अवैध परिवहन पर की सात बड़ी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट के विस्तृत मंडी क्षेत्र अंतर्गत लांजी, किरनापुर और बालाघाट विकासखंड में ग्रीष्मकालीन रबी की धान बहुतायत मात्रा में उगायी जाती है। जिसकी मंडी में आवक शुरू हो गई है। एक तरफ बालाघाट मंडी अपने मुख्य मंडी प्रांगण गोंगलई में ई-मंडी और डिजिटल मंडी पायलट योजना लागू कर किसानों को आसान और सुविधाजनक विपणन व्यवस्था मुहैया करा रही है। वहीं दूसरी ओर उपमंडी लांजी, किरनापुर, रजेगांव, लामता और चांगोटोला उपमंडी क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों के किसानों को एमपी फार्मगेट एप के माध्यम से सुरक्षित और सुविधाजनक विपणन व्यवस्था उपलब्ध करा रही है। इसके बावजूद भी मंडी क्षेत्र में कुछ व्यापारी किसानों से धान की सीधी खरीदी कर बिना मंडी शुल्क चुकाये गोंदिया, आमगांव और वारासिवनी के लिए अवैध परिवहन करते हैं।

मंडी समिति बालाघाट के भारसाधक अधिकारी एसडीएम श्री गोपाल सोनी द्वारा मंडी सचिव एवं उड़नदस्ता दल को मंडी क्षेत्र में कृषि उपजों के अवैध भंडारण, अवैध परिवहन एवं अवैध क्रय-विक्रय पर अंकुश लगाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये है। किरनापुर एसडीएम श्री केसी सिंहसार द्वारा सीमावर्ती जांच चौकी रजेगांव पर धान के अवैध परिवहन पर नियंत्रण के मद्देनजर कर्मचारी नियुक्त किये गये है। लांजी एसडीएम श्री प्रदीप कौरव द्वारा उपमंडी लांजी क्षेत्र में धान के अवैध क्रय-विक्रय एवं अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है।

### इन पर हुई कार्यवाही

मंडी प्रशासन ने मई महीने के शुरुआती 10 दिनों में ही सात अवैध परिवहन प्रकरण बनाकर मंडी अधिनियम की धारा 19(6) के उल्लंघन पर धारा 19(4) के तहत कार्यवाही कर शासन हित में जुर्माना वसूल किया गया। जिसके अंतर्गत 01 मई को बालाघाट में थोक व्यापारी लोकुमल किशनामल वाधवानी बालाघाट द्वारा वाहन एमएच-24-जे-8333 से 25 क्विन्टल मूंगफली दाना के अवैध परिवहन पर 19250 रूपये, 03 मई को रजेगांव जांच चौकी पर व्यापारी माने ट्रेडर्स किरनापुर द्वारा वाहन एमएच-40-वाय-3297 में 161 क्विंटल धान के अवैध परिवहन पर 24296 रुपये, 05 मई को लांजी में गणेश खोब्रागडे निवासी बेनेगांव और दलाल टिंकू असाटी निवासी आमगांव द्वारा वाहन एमएच-40-बीएल-7114 में अवैध रूप से परिवहित 35 क्विन्टल धान पर 5084 रुपये, 07 मई को व्यापारी रविशंकर भगत निवासी चिखलामाली द्वारा वाहन एमपी-50-जी-1783 में परिवहित 22 क्विन्टल धान पर 4881 रुपये, व्यापारी रोहित कबीरे निवासी चुरली तथा परमात्मा एक ट्रेडर्स द्वारा वाहन क्रमांक एमपी-50-जी-1009 में परिवहित 83 क्विन्टल धान पर 13845 रुपये तथा 9 मई को व्यापारी राजकुमार पगरवार निवासी घनसा द्वारा वाहन सीजी-08-बी-1110 में परिवहित 44 क्विन्टल धान पर 8764 रुपये तथा रजेगांव जांच चौकी पर व्यापारी प्रमोद कुमार जैसवाल, मोहगांव द्वारा वाहन एमएच-18-बीजी-3357 में 128 क्विंटल धान के अवैध परिवहन पर 21765 रुपये जुर्माना लगाकर प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया। इस प्रकार सात वाहनों पर कार्यवाही कर कुल 97885 रुपये दाण्डिक शुल्क वसूल कर शासन के खजाने में जमा करायी गयी।



### कार्यवाही के दौरान ये रहे उपस्थित

समस्त कार्यवाहियां मंडी सचिव मनीष मडावी के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक वासुदेव बढ़ई, विनोद बंसोड़, नेलचन्द बारबुदे, मनोज पटले, आकाश ठाकुर (प्रभारी उपमंडी लांजी) और प्रकाश सोनवाने द्वारा की गई। सचिव मनीष मडावी ने सभी व्यापारियों एवं कृषकों से कृषि उपज को ई-मंडी और एम.पी. फार्मगेट एप के माध्यम से ही क्रय-विक्रय करने तथा व्यापारियों को कृषकों को पूरा भुगतान कर मंडी शुल्क चुकाकर मंडी अनुज्ञापत्र के माध्यम से ही परिवहन करने का परामर्श दिया।

## खबर संक्षेप

### आज होगा वॉटर स्पोर्ट्स सेलिंग का प्रतिभा चयन कार्यक्रम

**बालाघाट।** जिले के मुलना स्टेडियम में सोमवार को वाटर स्पोर्ट्स सेलिंग का प्रतिभा चयन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री कृष्ण कुमार चौरसिया ने बताया कि भोपाल के वाटर स्पोर्ट्स खेल प्रशिक्षकों के द्वारा चयन स्पर्धा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वॉटर्स स्पोर्ट्स सेलिंग ऐकेडमी भोपाल प्रतिभा चयन स्पर्धा के लिए बालक, बालिकाओं की न्यूनतम आयु 8 वर्ष से 12 वर्ष के मध्य होना चाहिए। अर्थात (2012 से 2016 ) के मध्य होना अनिवार्य है। इच्छुक वर्ग के खिलाड़ी आयु प्रमाणिकता के लिए अपने साथ आधार कार्ड की छाया प्रति, जन्म प्रमाण पत्र छाया प्रति, मूल निवासी प्रमाण छाया प्रति एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ चयन स्पर्धा में 3:30 बजे तक खेल किट में खेल और युवा कल्याण विभाग, मुलना स्टेडियम में आना अनिवार्य है। कार्यालयीन समय पर चयन स्पर्धा के संबंध में आज (13 मई) दोपहर 3 बजे के पूर्व संपर्क किया जा सकता है।

### बीईओ करने लगे परिणामों की समीक्षा

**बालाघाट।** गत दिनों कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा कक्षा 10 वी और 12 के परीक्षा परिणामों की गहन समीक्षा की गई थी। समीक्षा में परिणामों के साथ ही आगामी सत्र की योजना पर भी विस्तृत चर्चा की गई थी। जिन प्राचार्यों और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों ने रूपरेखा प्रस्तुत नही की थी। उनको कार्यवाही का भी सामना करना पड़ा। इसके बाद विकासखंड अधिकारी सक्रिय होकर आगामी रूपरेखा पर चिंतन के लिए बैठक करने लगे है। परसवाड़ा विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री ठाकुर ने बताया कि शनिवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाड़ा में विकासखंड स्तरीय कक्षा पांचवी से 12वीं तक कि बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा करते हुए अगले सत्र की कार्ययोजना बनाई गई। साथ ही आगामी आने वाली पूरक परीक्षा के विषय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिन विद्यालयों के परीक्षा परिणाम कम है ऐसे विद्यालयों के प्राचार्य द्वारा पूरक प्राप्त विद्यार्थियों से सतत संपर्क किया जा रहा है। जिस की परीक्षा परिणाम को अच्छा किया जा सके।

### मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण 28 मई से प्रारंभ

**बालाघाट।** कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम 2024-25 अंतर्गत राणा हनुमान सिंह कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए है। आवेदन 15 मई तक अंतिम रूम से किये जा सकते है। जिसके लिए न्यूनतम योग्यता 10 वी पास अनिवार्य की गई है। वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रमुख डॉ. आरएल राउत से प्राप्त जानकारी अनुसार मशरूम उत्पादन पर व्यवसाय करने के इच्छुक कृषक, बेरोजगार युवक-युवतियां एवं छात्र/छात्राएं इस प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## पीजी कॉलेज के छात्र का वैनगंगा नदी में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

12 मई को कोतवाली पुलिस ने वैनगंगा नदी से पीजी कॉलेज में बीए के छात्र राहुल नगपुरे का शव बरामद किया। युवक राहुल के मामा चंद्रकांत दमाहे की मानें तो 11 मई को राहुल घर से कॉलेज आने निकला था। इसके बाद, जब वह घर नहीं लौटा तो उसकी काफी खोजबीन की गई। जब कोई पता नहीं चला तो कोतवाली में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

छात्र का शव 12 मई को बजरंग घाट नहाने गए कुछ लोगों को दिखाई देने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। चूंकि कोतवाली पुलिस में बीती रात दर्ज कराए गए कॉलेज छात्र की गुमशुदगी से मिलती फोटो पर पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर शव की पहचान कराई तो युवक की पहचान लापता निवासी राहुल पिता स्व. राजेन्द्र नगपुरे धपेरा मोहगांव के रूप में की गई है।



मामा की मानें तो राहुल की लापता होने के बाद जब उसके दोस्तों से उसके बारे में जानकारी हासिल की गई तो पता चला कि उसके एक दोस्त ने उसे 11 मई की दोपहर 2 बजे बस स्टैंड में छोड़ा था। जिसके बाद उसका कोई पता नही चल सका है।

वहीं युवक राहुल के बस स्टैंड से पैदल, नदी में जाकर राहुल के नहाने जाना भी कई संदेहो को जन्म दे रहा है। जिससे कॉलेज छात्र राहुल नगपुरे की मौत संदेहास्पद प्रतित हो रही है। फिलहाल लापता युवक राहुल का शव मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शनिवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी गजेंद्र कठाने ने बताया कि शनिवार को 8 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 872 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखें गए।

## नेशनल लोक अदालत में 142 प्रकरणों का निपटारा

### लगभग एक करोड़ के अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान दिनेशचंद्र थपलियाल व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमान सुरेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में 11 मई को तहसील न्यायालय वारासिवनी में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी सुधीर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में वर्ष 2024 की नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः साढ़े 10 बजे माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलित कर पुष्प सुमन अर्पण व प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस मौके पर व्यवहार न्यायालय वारासिवनी के समस्त न्यायाधीशगण, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं अन्य कर्मचारीगणों के साथ पक्षकारगण भी उपस्थित रहे।

खंडपीठ क्रमांक 15 में 1179810 रूपये के अवार्ड पारित प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर सिंह ठाकुर की खण्डपीठ क्रमांक 15 में मोटर दुर्घटना दावा एवं क्षतिपूर्ति से संबंधित 12 प्रकरणों का निराकरण कर 1171350/- रूपये का अवार्ड पारित किया गया। विद्युत अधिनियम से संबंधित लंबित प्रकरणों में 02 प्रकरण निराकृत किये गए, जिसमें 8,460 रूपये की समझौता योग्य राशि प्राप्त की गई एवं हिन्दू विवाह से संबंधित 01 मामले का निराकरण किया गया। इस प्रकार कुल 15 प्रकरणों का निराकरण कर कुल 1179810 रूपये के अवार्ड पारित किये गए।



द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी की खण्डपीठ क्रमांक 16 में मोटर दुर्घटना दावा एवं क्षतिपूर्ति से संबंधित 10 प्रकरणों का निराकरण कर 58,80,000/-रूपये का अवार्ड पारित किया गया। निष्पादनवाद नियमित सिविल अपील के 02 प्रकरण निराकृत कर 3,00,000/- रूपये वसूल हुए। इस प्रकार कुल 12 मामलों का निराकरण कर 61,80,000/- की राशि का अवार्ड पारित किया गया।

प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड शैलेन्द्र रैकवार की खण्डपीठ क्रमांक 17 में आपराधिक शमनीय प्रकृति के प्रकरणों में 20 प्रकरण निराकृत हुये एवं हिन्दू विवाह से संबंधित 01 मामले का निपटारा हुआ। सिविल सूट ''ए'' के 02 एवं सिविल सूट बी प्रकृति के 02 प्रकरण का निपटारा किया गया एवं 210000/- रूपये की कोर्ट फीस वापस प्राप्त की गई। इस प्रकार कुल 25 प्रकरणों का निराकरण कर कुल 2,10,000 रूपये का समझौता कराया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रौनक पाटीदार की खंडपीठ क्रमांक 18 में आपराधिक एवं शमनीय प्रकृति के 09 प्रकरण निराकृत किये गए एवं परक्राम्य लिखित अधिनियम के 5 प्रकरण, जिनकी कुल राशि 23,00266/- रूपये समझौते के रूप में लाभांवित पक्ष को दिलाई गई। एमजेसीआर के 03 प्रकरण निराकृत हुआ। इस प्रकार कुल 17 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं कुल 23,00266/- रूपये की राशि का समझौता हुआ। इसी क्रम में खण्डपीठ क्र.19 के पीठासीन अधिकारी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री नेहा बात्री के न्यायालय में निरंक रहे। 05 खण्डपीठों में कुल 69 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 98,70,076 रूपये के अवार्ड पारित किये गए।

**बैंक ने 6,63,500 रुपये व विद्युत विभाग ने 3,34,211 रुपये वसूले :** इस प्रकार प्री-लिटिगेशन के रखे गए बैंक के प्रकरणों में 8 ऋण संबंधी मामलों का निराकरण किया जाकर 6,63,500/- रूपये की राशि वसूल की गई। प्रिलिटिगेशन प्रकरण में विद्युत अधिनियम के प्रिलिटिगेशन के 45 प्रकरण निराकृत हुये एवं कुल राशि 3,34,211/-रू. की समझौता राशि की वसूली की गई।

## वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शनिवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि शनिवार को 8 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 872 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखें गए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर,पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी गजेंद्र कठाने, डीडीए राजेश खोबरागड़े तथा राजनितिक पार्टी से भाजपा के संजय अग्निहोत्री, कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, बीएसपी से इंजी. महेंद्र, निर्दलीय रघुवीर चौहान, हिमांशु सिंह कोहराम, पीपीआईडी दिलीप श्याम कुंवर, अशोक बिजली, मनोहर सिँहासने एवं पोस्टमेन रक्षित डोंगरे उपस्थित रहे।

## शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में मातृत्व दिवस का किया गया आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में शनिवार को गृह विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ निधि ठाकुर की अध्यक्षता एवं के तत्वाधान में मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉं निधि ठाकुर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए मातृत्व दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कर बताया कि आज माँ के सम्मान में मातृ दिवस मनाया जा रहा है1 माँ वो पहली गुरु होती हैं जो हमें प्यार,और संस्कार देती हैं, हमारी हर परेशानी में हमारा साथ देती हैं ,हमारी खुशियों में सबसे ज्यादा खुश होती हैं। इस खास दिन पर अपनी माँ को धन्यवाद दें। उनके हर त्याग के लिए और उन्हें ये बताएं कि हम उनसे कितना प्यार करते हैं। अपनी मां को याद करके डॉ निधि ठाकुर भावूक भी हो गई और बताया कि सभी अपने मां के प्रति आदर भाव रखें और उन्हें कभी ना भूले। सुश्री प्रीति उइके ने बताया कि सभी अपनी मां के प्रति उनके दुख और तकलीफ को समझ कर स्वयं के साथ किए हुए उनके सराहनीय कार्य को सदैव याद रखें। मातृत्व दिवस के इस शुभ अवसर पर छात्राओं को वीडियो दिखाकर जीवन में मां के महत्व को समझने हेतु प्रेरित किया गया । मां को कौन कितने करीब से जानता है इस हेतु प्रपत्र के माध्यम से छात्राओं एवं प्राध्यापकों से जानकारी एकत्र की गई । इसी के साथ आदरणीय मैडम द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।



## पीएम जनमन अंतर्गत समीक्षा बैठक हुई संपन्न, 14 योजनाओं के डेटा किये प्रस्तुत

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शनिवार को पीएम जनमन अभियान समीक्षा बैठक की गई। बैठक आचार संहिता लागू होने से पूर्व पीएम जनमन के तहत संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई। विभाग वार सम्बंधित अधिकारियों ने आचार संहिता से पूर्व की स्थिति रखी गई। अब तक जनधन बैंक खाता अंतर्गत जिले में पीएम जनमन अंतर्गत 1652 नवीन खाते खोले गए है, इस प्रकार कुल 7300 खाते खोले जा चुके है। 57 व्यक्तियों के पलायन कर जाने की वजह से खाते नही खुल पाए है। वहीं 31033 व्यक्तियों में से लक्षित 19048 बैगाओं में से 14333 के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके है एवं 4715 कार्ड अब भी शेष है। 1478 बैगा व्यक्तियों के जाति प्रमाण पत्र बनाये गए है व 776 शेष है। जिसमे समग्र आईडी न होने के कारण 46, इकेवायसी न होने के कारण 664 एवं माँ का नाम न होने व अन्य कारणों से 66 के जाति प्रमाण पत्र शेष रह गए है। पूर्व में 28779 जाति प्रमाण पत्र बनाये जा चुके है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित द्वारा जिले में कुल 733 व्यक्तियों के किसान क्रेडिट कार्ड भी बनाये जा चुके है। साथ ही जिले में 539 बैगा व्यक्तियों को पीएम। किसान सम्मान निधि का लाभ प्रदाय किया जा रहा है। शेष 11 बैगाओं में से 2 की मृत्यु हो चुकी है व 9 बैगा ग्राम से पलायन कर चुके है। कुल 1160 राशन कार्ड पात्रता पर्ची जारी की जा चुकी है तथा शेष 38 बैगाओं की पलायन की वजह से नही की गई है। 2134 बैगा परिवारों के आवास स्वीकृत किये गए है जिसमे 53 आवास का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत जिले की बैगा बसाहटों की 118 आंतरिक सड़को में से कुल 38.14 किमी लंबाई की 11 सड़कों का डीपीआर तैयार हो चुका है। बैगा बसाहटों में कुल 264.15 किमी की सड़क का निर्माण किया जाना है। 19 सड़को का डीपीआर तैयार किया जा चुका है। पीएम जनमन के तहत ई गवर्नेंस सोसायटी बालाघाट के द्वारा बैगा बसाहटों में 31033 में से 29957 के आधार कार्ड बन चुके है एवं 1076 के शेष है। वही अभियंता दूरसंचार निगम से प्राप्त जानकारी अनुसार 14 मोबाइल टॉवर स्थापित किये गए है व 17 की स्थापना का कार्य जारी है। 4504 घरों में नलजल कनेक्शन स्वीकृत किये गए है। 1313 में से 200 घरों में मुफ्त बिजली बिल के साथ 1-1 एलईडी बल्ब प्रदान किये गए है।



### उजाड़बोपली में चंदन नदी पर निर्माणाधीन पुल का मामला

## चुनाव प्रचार में व्यस्त विधायक, दफ्तर में बैठे अफसर पेटी कांन्ट्रेक्टर कर रहा मनमानी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी-खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी इन दिनों अपनी पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार में व्यस्त है. वह पहले ग्वालियर और फिर दिल्ली में पार्टी के लिए जनता से वोट मांग रहे है. क्षेत्र से उनकी गैरमौजूदगी का फायदा उजाड़बोपली में पुल का निर्माण करने वाला पेटी कान्ट्रेक्टर उठा रहा है. पेटी कांट्रेक्टर पुल के निर्माण में अपनी मनमानी कर रहा है. वह ना सिर्फ घटिया मटेरियल का उपयोग कर रहा बल्कि पुल से निकलने वाली मिट्टी भी बेच रहा है. जैसा कि विधायक ने पुल के भूमिपूजन समारोह में ठेकेदार को हिदायत दी थी कि पुल का निर्माण ऐसा होना चाहिए कि 100 सालों तक पुल को कुछ ना हो. मुझे और मेरी पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता को ठेकेदार से कोई अपेक्षा (पैसा) नहीं है. इस दौरान जिस ठेकेदार को काम मिला उसने भी दावा और विधायक को विश्वास दिलाया था कि निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी. लेकिन ठेकेदार ने निर्माण कार्य को पेटी कांट्रेक्टर को दे दिया है. पेटी कांट्रेक्टर घटिया सामग्री का उपयोग करने के साथ ही अपनी मनमानी करते हुए पुल की मिट्टी तक बेच रहा है. यह आरोप विधायक की पार्टी के ही नेता और पूर्व जनपद सदस्य राजेश ठाकरे ने लगाए है।



पुल के निर्माण में घटिया मटेरियल का उपयोग होने को लेकर भाजपा नेता ने अधिकारियों से शिकायत की है. किंतु विभागीय अधिकारियों ने पेटी कांट्रेक्टर को संरक्षण दे रखा है. वह पेटी कांट्रेक्टर की मनमानी पर चुप्पी साधे बैठे हुए है. पूर्व जनपद सदस्य राजेश ठाकरे ने बताया कि विभागीय उपयंत्री शुरूआती दिनों में जरूर निर्माण की गुणवत्ता को देखने के लिए आते थे लेकिन करीब 3 माह से विभाग के किसी भी अधिकारी ने दोबारा इस तरफ मुड़ कर नहीं देखा. विभागीय अफसरों के द्वारा निर्माण कार्य के दौरान निगरानी में बरती जा रही इस लापरवाही का फायदा पेटी कांट्रेक्टर उठा रहा है. करीब साढ़े 03 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह पुल आज भगवान भरोसे बन रहा है. अफसर निर्माण की गुणवत्ता जांचने के लिए मौका स्थल पर आने की बजाए अपने दफ्तरों के भीतर बैठे है।

## बिजली की पल-पल आंखमिचौली से क्षेत्रवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में बिजली की कटौती जारी है जिससे आम आदमी हलाकान है वही बिजली के आम उपभोक्ताओं का आरोप है कि पल पल हो रही बिजली की आंखमिचौली के चलते घर में रहना दुभर हो गया है। गर्मी के कारण घर पर रहने की इच्छा ही नहीं होती बिजली विभाग वाले बगैर पूर्व सूचना दिए दिन और रात भर में अनेकों बार बिजली गुल करते हैं और बिजली का बिल लेने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते सवाल यह है कि उपभोक्ताओं के भी कोई अधिकार है जिसे विद्युत विभाग वाले नहीं समझ पा रहे हैं। जब मनमर्जी में आया बिजली काट दिए जिससे अनेकों कार्य प्रभावित हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों की मांग है कि विद्युत विभाग बिजली की हो रही कटौती को निर्धारित समय पर करें जिससे आम जनता को पता हो जाएगा की इस समय से इस समय तक बिजली नहीं रहेगी तो जनजीवन प्रभावित नहीं होगा।



SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
B.Tech. & Polytechnic
4 Year Degree
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com